

एक नजर में

## शिवडोला चलसमारोह के मद्देनजर ट्रैफिक डायवर्जन व्यवस्था और दिशा-निर्देश

**बड़वानी।** जिला मुख्यालय में प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार 31 जुलाई 2026 को भव्य शिवडोला जुलूस का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक जुलूस शहर के प्रमुख एवं मुख्य मार्गों से होकर गुजरेगा। कार्यक्रम के दौरान आमजन एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम यातायात तथा व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस द्वारा विशेष यातायात डायवर्जन एवं सुरक्षा व्यवस्था प्लान तैयार किया गया है।

शहर के सभी प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया है तथा स्टॉपर/बैरिकेट्स लगाए गए हैं। जुलूस की अवधि के दौरान डायवर्ट रहेगी यातायात व्यवस्था पाटी रोड़ से शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों को सरस्वती विद्यालय से डायवर्ट किया जाएगा। ये वाहन साकेत कॉलोनी, चंचल चौराहा, पाला बाजार, मोटी माता मंदिर, कारंजा चौराहा होते हुए अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

बस स्टैंड या शहर के मुख्य हिस्से से पाटी रोड़ की ओर जाने वाले वाहनों को कारंजा चौराहा से डायवर्ट किया जाएगा। ये वाहन पाला बाजार, चंचल चौराहा, साकेत कॉलोनी, सरस्वती विद्यालय होते हुए पाटी रोड़ की ओर प्रस्थान करेंगे। जुलूस मार्ग पर किसी भी प्रकार के दोपहिया व चारपहिया वाहनों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। यातायात पुलिस द्वारा निर्धारित डायवर्जन मार्ग का उपयोग करें। आपातकालीन वाहनों एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड के लिए प्राथमिकता से रास्ता मार्ग सुरक्षित रखा जाएगा। असुविधा से बचने के लिए अनावश्यक रूप से मुख्य बाजारों में वाहन लेकर न निकलें एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

# संघर्ष की पटकथा लिख बेटियां छू रहीं आसमान

**बड़वानी, (नवभारत)।** जिला हॉकी के खेल में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। 10-12 वर्षों में यहां के बच्चों, विशेषकर बालिकाओं में हॉकी के प्रति अभूतपूर्व जुनून देखा जा रहा है। जनजातीय कार्य विभाग के 100 सीटर खेल परिसर के हॉकी कोच मुकेश राठौड़ और उनकी टीम बड़वानी, अंजड़ व राजपुर के सरकारी स्कूलों में बच्चों को रोज नि:शुल्क प्रशिक्षण दे रही है।

खेल व जनजातीय कार्य विभाग द्वारा स्टिक, बॉल और किट मुफ्त मिलने से वर्तमान में करीब 400 पंजीकृत खिलाड़ी मैदान में पसीना बहा रहे हैं। जिला बने के बाद से अब तक 500 से अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच चुके हैं। मध्य प्रदेश राज्य हॉकी अकादमी, ग्वालियर में जिले की 6 बालिकाओं का चयन हुआ है, जबकि रजनी वास्कले का स्पोर्ट्स कोटे से यूनियन बैंक में चयन हुआ है। बेटियों की इस स्वर्णिम सफलता और सुरक्षित भविष्य को देखकर अब अभिभावक भी बेझिझक अपनी बेटियों को हॉकी स्टिक थमा रहे हैं।

विवेकानंद बिहार कॉलोनी की 15 वर्षीय मनप्रीत कौर के पिता ओंकार सिंह ठेला गाड़ी चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद मनप्रीत ने बीते चार वर्षों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक 7 राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। उन्होंने ग्वालियर में आयोजित विद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण, मंदसौर में रजत और वेस्ट ज़ोन नेशनल में एक स्वर्ण व एक रजत पदक अपने नाम किया है। वर्तमान में वे रायपुर (छत्तीसगढ़) स्थित स्पोर्ट्स एकेडमी से जुड़कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने की तैयारी कर रही हैं।

तीरगोला मोहल्ला की 18 वर्षीया सलोनी कनासिया पिता अनिल कनासिया पिछले 5 वर्षों से लगातार हॉकी में अपना परचम लहरा रही हैं। लॉकडाउन के दौरान सहेली से प्रेरित होकर खेल शुरू करने वाली सलोनी वर्तमान में जबलपुर से शारीरिक शिक्षा (बीपीइएस) की पढ़ाई कर रही हैं। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत के बल पर ओपन नेशनल (ओडिशा) में स्वर्ण, स्कूल नेशनल (ग्वालियर) में रजत और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता (भोपाल) में कांस्य पदक हासिल किया है। सलोनी भविष्य में देश के लिए खेलकर नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।




### कॉलेज ग्राउंड बना प्रतिभाओं का गढ़

मुफ्त कोचिंग और प्रोत्साहन के कारण बड़वानी का कॉलेज ग्राउंड नई प्रतिभाओं को तराशने का मुख्य केंद्र बन गया है। स्थानीय बालिकाओं की बढ़ती भागीदारी से निमाड़ अंचल में खेल का माहौल बेहद मजबूत हो रहा है। ग्वालियर अकादमी में चयनित स्नेहा दावदे एशियन चैम्पियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली खिलाड़ियों, पिंकी दाउदिया और मोनिका राठौर की सफलता से प्रेरणा लेकर अन्य बालिकाएं भी मैदान में उतर रही हैं। अभिभावकों के दृष्टिकोण में आए सकारात्मक बदलाव से तय है कि आने वाले समय में यह क्षेत्र देश को कई बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी देने वाला है।

### मां के पसीने से चमकी राष्ट्रीय सितारा

पीजी कॉलेज के पीछे रहने वाली 16 वर्षीय शिवानी बामनिया गरीबी को हराते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेर रही हैं। 2017 में पिता छोटू बामनिया के निधन के बाद माँ ने झाड़ू-पोछा और मजदूरी करके परिवार को संभाला। मोहल्ले की लड़कियों को देखकर हॉकी शुरू करने वाली शिवानी आज ग्वालियर अकादमी के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई व खेल का अभ्यास कर रही हैं। शिवानी ने एमपी अंडर-14 (2023) और अकादमी नेशनल (2026) में स्वर्ण, अस्मिता लीग (2026) में रजत पदक जीता है तथा खेलो इंडिया (छत्तीसगढ़) में भाग लिया है।

# वर्षों पुरानी मांग पर शुरू हुआ विशेष अध्ययन, समाज में हर्ष

**सेंधवा, (रमन बोरखड़े)।** कोतवाल समाज को अनुसूचित जाति वर्ग से अनुसूचित जनजाति वर्ग में सम्मिलित किए जाने की वर्षों पुरानी मांग निर्णायक दिशा में आगे बढ़ती दिखाई दे रही है। अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य के हस्तक्षेप के बाद मध्यप्रदेश शासन ने कोतवाल समाज के संबंध में नृवंशविज्ञान अध्ययन तथा सांस्कृतिक, सामाजिक व आर्थिक स्थिति के समग्र आकलन हेतु विशेष अध्ययन प्रारंभ किया है। शासन की इस पहल से कोतवाल समाज में हर्ष का माहौल है।

उक्त जानकारी भाजपा प्रवक्ता सुनील अग्रवाल ने दी। अग्रवाल ने बताया कि रविवार को मध्यप्रदेश, गुजरात एवं महाराष्ट्र के पांच जिलों से आदिवासी कोतवाल समाज का प्रतिनिधि मंडल सेंधवा पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य से भेंट कर उनका पुष्पगुच्छ व पुष्पमाला से गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया।

प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने बताया कि कोतवाल समाज को वर्तमान में अनुसूचित जाति वर्ग में बताया जाता है, जबकि समाज की वर्षों से यह मांग रही है कि कोतवाल समाज की वास्तविक सामाजिक एवं आदिवासी पहचान के आधार पर उसे अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल किया जाए। लेकिन लंबे समय तक इस दिशा में कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया।

समाज की मांग को लेकर पूर्व में वे अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य से मिले थे। उन्होंने समाज की बात को गंभीरता से सुनते हुए इस मामले में आवश्यक पहल का भरोसा दिलाया था।

प्रतिनिधि मंडल के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य द्वारा राज्य शासन से पत्राचार किए जाने के बाद मध्यप्रदेश सरकार ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए प्रक्रिया आगे बढ़ाई। इसके तहत कोतवाल समाज की सामाजिक व सांस्कृतिक पृष्ठभूमिए परंपराओं, रहन-सहन तथा आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति का समग्र आंकलन करने के लिए विशेष अध्ययन प्रारंभ किया गया है।

इस अध्ययन में नृवंशविज्ञान संबंधी पहलुओं के साथ समाज की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का अध्ययन किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्य के प्रयासों से उत्साहित कोतवाल समाज के प्रतिनिधियों ने उनका आभार व्यक्त करते हुए आर्य का सम्मान किया। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि समाज को उम्मीद है कि अध्ययन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कोतवाल समाज की वास्तविक स्थिति सामने आएगी और उसे अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल किए जाने की दिशा में सकारात्मक निर्णय होगा।

# पुलिस अभिरक्षा से फरार बदमाश को किया गिरफ्तार



**बड़वानी, (नवभारत)।** जिले में पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल के नेतृत्व में चलाए जा रहे ऑपरेशन हवालात के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। बाइक से कुदकर हथकड़ी सहित फरार हुए दो हजार के इनामी आरोपी शुभम (22 वर्ष) पिता सुभाष मानकर, निवासी जुलवानिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी बलजीतसिंह बिसेन ने बताया कि मामला 27 अगस्त 2026 का है, जब थाना जुलवानिया पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 170 के तहत गिरफ्तार आरोपी शुभम को एसडीएम न्यायालय राजपुर के आदेश पर दो जवान मोटरसाइकिल से केंद्रीय जेल बड़वानी दाखिल करने ले जा रहे थे। शहर के शिवशंकर होटल के पास आरोपी अचानक चलती बाइक से हथकड़ी सहित कुदकर भाग निकला। इस हादसे में बाइक असंतुलित होने से दो पुलिस जवान भी घायल हो गए थे। पुलिस ने तुरंत आरोपी के खिलाफ के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी पद्मविलोचन शुक्ल ने अगले ही दिन आरोपी पर दो हजार के इनाम की घोषणा की थी। थाना प्रभारी कोतवाली बड़वानी निरीक्षक बलजीत सिंह बिसेन के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संभावित ठिकानों पर दबिश दी।

### घेराबंदी कर दबोचा आरोपी को

तकनीकी साक्ष्यों से पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी खंडवा स्थित अपने पुश्तैनी मकान में छिपा हुआ है। इसके बाद बड़वानी कोतवाली व जुलवानिया पुलिस ने कोतवाली खंडवा पुलिस के सहयोग से घेराबंदी कर आरोपी शुभम को घर से धर दबोचा। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने वह हथकड़ी भी बरामद कर ली है, जिसे वह भागते समय अपने साथ ले गया था।

एक नजर में

## शासकीय स्कूल के बच्चों को बांटी मिठाई



**इंदौर.** लायंस क्लब इंदौर सिटी द्वारा शासकीय हिंदी माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 24 व 6 के प्राचार्य श्री मिश्रा व अध्यापक गणों ने बताया कि लायंस क्लब के पूर्व गवर्नर लायन एस.पी. नामदेव, अध्यक्ष रिंकी जयसिंघानी चुग, लायन दिनेश रणधर, जगदीश जोशी, कृष्णप्रभा रणधर, अशोक कुमार गुप्ता सचिव, दिलीप माटा, राजेश पाल, विशाल चुघ, राजीव दुबे के सहयोग से विद्यालय में अध्ययनरत 60-70 बच्चों को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर मिठाई, टिफिन बॉक्स, कॉपी-पेन वितरित की गई. इस अवसर पर सभी बच्चों ने बड़े उत्साह व हर्षोल्लाह से कार्यक्रम में उपस्थित रहकर गीत व लघु नृत्य नाटक प्रस्तुत किए. सभी के प्रति आदर का भाव व्यक्त किया.

## सैमसंग गैलेक्सी एस26 एफई- नया फ्लैगशिप अनुभव

**इंदौर.** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज अपने गैलेक्सी एस26 परिवार में नए गैलेक्सी एस26 एफई को शामिल करने की घोषणा की. यह इस सीरीज़ का पहला स्मार्टफोन है जो वन यूआई 9 के साथ आ रहा है. इसके ज़रिए अब और ज़्यादा यूज़र्स को पहले ही दिन से नवीनतम प्रीमियम गैलेक्सी अनुभव मिलेगा. अपग्रेडेड कैमरा और माहौल को समझने वाले (कॉन्टेक्स्ट-अवेयर) गैलेक्सी एआई के साथ, यह रोज़मर्रा की फ़ोटोग्राफ़ी, कंटेंट क्रिएशन और कनेक्टिविटी के अनुभव को और बेहतर बनाता है. यूज़र्स के लिए जो सबसे ज़्यादा मायने रखता है, उसे ध्यान में रखकर तैयार किया गया पतला और हल्का गैलेक्सी एस26 एफई, गैलेक्सी स सीरीज़ के आइकॉनिक अनुभव को आगे बढ़ाता है. सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के मोबाइल एक्सपीरियंस बिज़नेस में एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और कस्टमर एक्सपीरियंस ऑफिस के हेड जे किम ने कहा गैलेक्सी एस26 एफई को खास तौर पर गैलेक्सी एस सीरीज़ की पहचान बन चुकी खूबियाँ देने के लिए डिज़ाइन किया गया है, ताकि इसका हर फ़ीचर यूज़र्स के दैनिक जीवन में अर्थपूर्ण बदलाव ला सके।

## पेटलावद में आज निकलेगी भोलेनाथ की सवारी

**पेटलावद।** आज पेटलावद नगर में नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की भव्य सवारी निकाली जाएगी। महादेव की भव्य सवारी श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ नगर भ्रमण पर निकलेगी। सवारी को लेकर शिवभक्तों में जबरदस्त उत्साह है और नगरवासियों में भी इस धार्मिक आयोजन को लेकर विशेष उमंग दिखाई दे रही है। भगवान भोलेनाथ की सवारी नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। सवारी के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर महादेव के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। ढोल-ढमाकों, भक्ति गीतों और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच निकलने वाली सवारी नगर के माहौल को पूरी तरह शिवमय कर देगी। सवारी के स्वागत के लिए नगर में जगह-जगह तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालु पूरे भक्ति भाव के साथ सवारी में शामिल होंगे। आयोजन के दौरान धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से निकलने वाली महादेव की सवारी के दर्शन के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। महादेव की सवारी को लेकर युवाओं, महिलाओं और शिवभक्तों में खासा उत्साह है। सवारी के मार्ग पर श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का स्वागत करेंगे। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण रहेगा और नगर हर-हर महादेव, जय भोलेनाथ के जयकारों से गूंजता नजर आएगा।

# कोर्ट कमेटी ने निगम को दी स्टॉर्म वॉटर लाईन की अनुमति

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज जिला कोर्ट बिल्डिंग कमेटी ने वार्ड 52 में स्टॉर्म वॉटर लाईन डालने की निगम को अनुमति दे दी. इसके लिए महापौर ने कमेटी के सामने प्रेजेंटेशन दिया. अनुमति मिलने से जिला कोर्ट के पिपलियाहाना तालाब में साल भर पानी भरा रहने की संभावना बढ़ गई है.**



आज जिला कोर्ट बिल्डिंग कमेटी के अध्यक्ष जस्टिस विवेक रूसिया ने निर्माण कार्य का जायजा लिया. इस दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी जस्टिस विवेक रूसिया से स्टॉर्म वॉटर लाईन डालने की बात की और योजना 140 सहित आसपास की कॉलोनियों में पानी भराने की समस्या से अवगत कराया. महापौर भार्गव ने इस दौरान जस्टिस रूसिया को निगम द्वारा स्ट्रॉम वॉटर लाईन डालने का लैपटॉप पर प्रेजेंटेशन भी दिया. जस्टिस रूसिया निगम का प्रेजेंटेशन देखने के बाद निगम को स्ट्रॉम वॉटर लाईन डालने की अनुमति देने की हामी भर दी. उक्त अनुमति मिलने के बाद योजना 140 के रहवासियों को जलजमाव की समस्या से राहत मिलेगी, वही पिपलियाहाना तालाब में भी बारिश के पानी से साल भर पानी भरा रहने की संभावना बढ़ गई हैं.

# राहुल के कार्यक्रम के लिए नेहरू स्टेडियम में मांगी जगह

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** इंदौर में लोकसभा में विपक्ष नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का छात्रों की गूंज कार्यक्रम 12 सितंबर को होगा. इसके लिए शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर निगम आयुक्त को नेहरू स्टेडियम के लिए आवेदन किया है.

नई दिल्ली के जंतर मंतर पर छात्र आंदोलन के बाद कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पूरे देश में छात्र छात्राओं से संवाद कर रहे हैं. इसी कड़ी में राहुल गांधी 12 सितंबर को इंदौर में 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत छात्र छात्राओं से संवाद करेंगे. ध्यान रहे कि देश में नीट सहित 192 प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक को लेकर सरकार के खिलाफ छात्र सड़कों पर उतर आए. छात्रों की मांगों को समझने और उनसे समस्या का समाधान करने के लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देश भर के छात्रों से अलग अलग शहरों में जाकर छात्रों की गूंज अभियान द्वारा संवाद कर रहे हैं. राहुल देहरादून, प्रयागराज, पुणे आदि शहरों में छात्रों से संवाद कर चुके हैं. कार्यक्रम के लिए शहर कांग्रेस ने स्थानीय नेहरू स्टेडियम का स्थान तय किया है. शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल को नेहरू स्टेडियम को 8 से 12 सितंबर तक उपलब्ध कराने का आवेदन किया है. आवेदन में बड़ी संख्या में छात्रों के शामिल होने और सुरक्षा दोनों का हवाला देकर नेहरू स्टेडियम की मांग की गई हैं.

# डीसीएमयूएन'26 का आगाज, 300 से ज्यादा विद्यार्थी जुटे

**इंदौर.** डेली कॉलेज के डीबीए ऑडिटोरियम में शनिवार को डीसीएमयूएन'26 के 12वें संस्करण का भव्य शुभारंभ हुआ। इस वर्ष सम्मेलन की थीम 'नेक्सस टेम्पोरिस: अतीत से सीखकर भविष्य का निर्माण' रखी गई है। 29 से 31 अगस्त तक चलने वाले सम्मेलन में देशभर के 17 शिक्षण संस्थानों के 300 से अधिक विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं.

उद्घाटन समारोह में डेली कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. गुनमीत बिंद्रा मुख्य अतिथि रहीं. कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई, जिसके बाद दीप प्रज्वलन और सांस्कृतिक प्रस्तुति हुई. अपने संबोधन में डॉ. बिंद्रा ने कहा कि डीसीएमयूएन विद्यार्थियों को नेतृत्व, संवाद, सहयोग और कूटनीति को समझने का व्यावहारिक मंच उपलब्ध कराता है. उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को शांति, सहयोग और सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक बताते हुए विद्यार्थियों से विभिन्न विचारों का सम्मान करने और शांतिपूर्ण संवाद के जरिए समाधान तलाशने का आह्वान किया.

# परमात्मा पिता से जुड़कर आत्मा की रक्षा करने के संकल्प के साथ मनाया रक्षाबंधन

**इंदौर.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के न्यू पलासिया स्थित ज्ञान शिखर ओमशांति भवन में आध्यात्मिक वातावरण में धूमधाम से रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया. इस अवसर पर रक्षाबंधन का रहस्य बताते हुए इंदौर ज़ोन की क्षेत्रीय निर्देशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने कहा कि हमारे भारतीय संस्कृति में पर्वों की श्रृंखला में सबसे पहला रक्षाबंधन से ही शुरू होता है. भाई बहन पवित्र निश्छल प्रेम का पवित्र पर्व है, साथ ही आत्माओं की रक्षा के लिए परमात्मा के द्वारा बांधा गया पवित्रता का बंधन है. जब हम स्वयं को पहचान आत्मिक स्वरूप में टिक जाते हैं और परमात्मा से मन बुद्धि की तार तोड़ लेते हैं तो आत्मा की सभी बुराइयों से रक्षा होने लगती है. जीवन में शांति, प्रेम, सद्भाव और दिव्य गुणों का विकास होने लगता है. अत: इस रक्षाबंधन पर हमें यही शुभ संकल्प लेना है कि हम स्व रक्षक बनकर सर्व की रक्षा करें. वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी अनिता दीदी ब्रह्माकुमारी उषा दीदी ने रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी. साथ ही अधिकारी, चिकित्सक, राजनेता, व्यवसायी, समाजसेवी, कई कार्यालयों एवं संगठनों एवं मूक बधिर बच्चों को भी राखी बांधी गई.

# अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति

**इंदौर.** गांधी नगर स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में आयोजित जनकल्याण अखंड रामायण पाठ की मंगलवार को विधि-विधान के साथ पूर्णाहुति हुई. विश्व कल्याण, शांति, पर्याप्त वर्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा देश की एकता-अखंडता की कामना से आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.



पूर्णाहुति अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन संपन्न हुआ. इसके बाद भगवान श्रीराम और हनुमानजी की महाआरती की गई. महामंडलेश्वर रामचरण दास महाराज, महामंडलेश्वर डॉ. चैतन्य स्वरूप महाराज सहित जनप्रतिनिधि और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे.

आयोजक एवं पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त एवं विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. योगेंद्र महंत ने बताया कि अखंड रामायण पाठ का उद्देश्य जनकल्याण के साथ विश्व शांति, अच्छी वर्षा और पर्यावरण संरक्षण की प्रार्थना करना था. आयोजन में एमआईसी सदस्य अश्विनी शुक्ल, निरंजन सिंह चौहान, अशोक गोधा, मंडल अध्यक्ष सावन वर्मा, उषा वैष्णव, आनंद महंत, धीरज वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए. आभार अनंत महंत ने माना।

एक नजर में | जनक दीदी का 41वां रक्षा-बंधन 50 पौधे लगाकर मनाया

# 40 वर्षों से जारी है पेड़ लगाने का संकल्प

**इंदौर.** जिम्मी और जनक मगिलिगन फाउंडेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट ने पद्मश्री डॉ. जनक पलटा मगिलिगन का 41वां रक्षा-बंधन 50 पौधे लगाकर मनाया.

जनक दीदी ने रक्षा-बंधन का पावन त्यौहार सनावदिया में अपने घर गिरिदर्शन के पीछे 'दुतनी टेकरी' पर अपने राखी भाई राजेंद्र ओचानी और पर्यावरण - प्रेमी भाई-बहनों के साथ सामूहिक रूप से 50 पौधे लगाकर मनाया. जनक दीदी ने बताया रक्षाबंधन पर पौधा रोपने का यह सिलसिला 1986 में हुआ जब उनकी मुलाकात ट्रेन में हुई थी जिस के बाद वो उनके आदिवासी लड़कियो को ट्रेनिंग देने को समर्पित थी. राजेंद्र ओचानी अपनी पत्नी ज्योति के साथ रविवार सेवा देने लगे. पहली राखी पर भैय्या ने राखी बांधने के लिए पूछा तो दीदी ने सहज हां कह दिया. लेकिन धीरे से ज्योति भाभी ने पूछा उन्हें साड़ी पसंद है कि सलवार सूट. दीदी ने कहा सबसे ज्यादा पसंद पौधा है बस तभी से रक्षा बंधन इसी तरह मनाया जा रहा हैं. कार्यक्रम में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ भरत रावत, डॉ प्रकाश कौशल, डॉ प्रिया शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ नीरजा पौराणिक आदि उपस्थित थे. सभी ने मिलकर जनक दीदी के 41वें राखी पर 50 पौधे रोपे, लखनऊ, दिल्ली, ग्वालियर, इंदौर, सनावादिया और आस पास के गाँव से भाई-बहन शामिल हुए. पौधारोपण और बाद की देखभाल वन विभाग इंदौर और जैविक सेतु के सहयोग से हुआ. जनक दीदी ने सभी को हार्दिक धन्यवाद दिया.

